मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-466
18/12/2019

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद के अमथुआ ग्राम में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का मुआयना किया

- मुख्यमंत्री ने शाहयात साहब की मजार पर चादरपोशी की

पटना, 18 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में जहानाबाद जिलान्तर्गत काको प्रखंड के अमथुआ ग्राम में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत फूलों का गुलदस्ता भेंटकर किया।

मुख्यमंत्री ने अमथुआ ग्राम में मुख्यमंत्री ग्रामीण स्वच्छ पेयजल योजना अंतर्गत 11 लाख 64 हजार 700 रुपए की लागत से बने प्लांट का निरीक्षण किया। हर घर नल का जल पहुंचाने में इस प्लांट का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक कुओं एवं आहर के जीर्णोद्धार कार्य को भी देखा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने लाभुकों को मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत वाहन की चाबी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने यहॉ वृक्षारोपण भी किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अमथुआ ग्राम में ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का फीता काटकर उद्घाटन किया। स्टॉलों के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री को सामाजिक सुरक्षा कोषांग सह बुनियाद केंद्र द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा इस क्षेत्र में फसलों के उत्पादन के स्वरुप में बदलाव को लेकर जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम के अनुकूल फसल चक्र अपनाने के लिए 8 जिलों में प्रयोग के तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से इस बात के लिए भी प्रेरित करें कि फसल अवशेष न जलाएं।

मुख्यमंत्री को उन्नयन बिहार के तहत छात्रों को अलग–अलग दिन अलग–अलग विषयों पर सृजनात्मक वृत्तचित्र बनाकर शिक्षित करने के संबंध में जानकारी दी गई। मगध आर्ट के स्टॉल के अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री को उनकी माता स्व0 परमेश्वरी देवी का पुआल आर्ट से बना चित्र भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के क्रम में अमथुआ ग्राम में शाहयात साहब की मजार पर चादरपोशी भी की।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री श्री जय कुमार सिंह, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, सांसद श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अभिराम शर्मा सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के सचिव सह जहानाबाद जिले के प्रभारी सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा, योजना एवं विकास विभाग

के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री असंगवा चुबा आओ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जहानाबाद के जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******